हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	तामील में आ[illegible]
15-01-21	पत्रावली पेश हुई। अप्रार्थी जवाब प्रार्थना-पत्र शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया कि जवाब की प्रति प्रार्थी अधिवक्ता को उपलब्ध करा दी गई है। बहस हेतु उभय पक्ष ने सहमति जाहिर की। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया कि मौजा कनबई, पटवार हल्का कनबई के खसरा सं. 1405 एवं 1406 कनबई से सरेरा जाने वाले रास्ते के किनारे हैं और अप्रार्थीगण सं. 1 से 3 के घर के पास है। ~~फिर~~ उक्त भूमि पर अप्रार्थीगण अतिक्रमण कर अनाधिकृत रुप से काबिज होना चाहते हैं साथ ही अप्रार्थीगणों द्वारा उक्त खसरों में जबरन मलबा डालकर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है। अप्रार्थीयों की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने जवाब में कथन किया कि प्रार्थीगण ~~आ~~ की भूमि एवं विपक्षीगण के मकान के बीच में कनबई से सरेरा जाने वाला आम रास्ता है जहाँ सरकारी पक्की सड़क बनी हुई है; सड़क के एक तरफ प्रार्थीगण की भूमि है एवं दूसरी तरफ विपक्षी सं. 1 से 3 का 70-80 वर्ष पुराना मकान बना हुआ है। साथ ही प्रार्थीगण की जमीन जो रोड ~~के~~ दूसरी ओर है ~~अ~~ विवादग्रस्त भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता है। और जो मकान मय दुकान बना है वह पुराना निर्माण है। एवं स्वयं [illegible] रिकॉर्डेड आबादी भूमि में ब[illegible] दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत [illegible] तथ्यों, साक्ष्यों एवं दलीलों पर मनन किया गया। दोनों पक्षकारों के मकान एवं जमीन के मध्य कनबई से सरेरा जाने वाली पक्की सड़क बनी हुई है इसलिए अप्रार्थीगणों द्वारा प्रार्थी की भूमि पर अतिक्रमण किया जाना संभव प्रतीत नहीं होता। साथ ही [illegible]	

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Seervi
Date: 2021.03.17 18:21:06 IST
Reason: SelfAttested

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
इस बाबत कोई ठोस सबूत या साक्ष्य प्रस्तुत करने में भी असफल रहे हैं। चूंकि कोई अपूर्णीय क्षति होना साबित नहीं होता; ना ही सुविधा का संतुलन प्रार्थीगण के पक्ष में होना पाया गया, उक्त प्रार्थना-पत्र सारहीन है, अतः खारिज किया जाता है। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। ह/० सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी खेरवाड़ा, जि. उदयपुर (राज.)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Pramod Seervi
Date: 2021.03.17 18:21:06 IST
Reason: SelfAttested